# PAPER-II
# SOCIAL WORK

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) __________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) __________________________

| J | A | [redacted] | 1 | 7 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the Test Booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

Examrace

## SOCIAL WORK

### Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Practice wisdom denotes :

(1) Skills based on personal experiences of other social workers.

(2) Skills based on personal experiences in research.

(3) Skills based on personal experience in practice.

(4) Skills based on common sense.

**2.** 'Active Listening' concept was developed by

(1) Carl Rogers (2) William Reid

(3) Sigmund Freud (4) John Bowlby

**3.** Which one of the following cannot be dealt by social work as

(1) Conscious (2) Pre-conscious

(3) Sub-conscious (4) Unconscious

**4.** Square root of the average of squares of deviations, when such deviations for the individual items in a series are obtained from arithmetic average is known as :

(1) Mean deviation (2) Standard deviation

(3) Range (4) Skewness

**5.** Those who tend to be solitary, insensitive and uncaring about others are high on :

(1) Assertiveness (2) Agreeableness

(3) Manipulation (4) Psychoticism

**6.** Culture is

(1) Genetically transmitted (2) Socially transmitted

(3) Politically transmitted (4) Genetically and Politically transmitted

## समाज कार्य

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** अभ्यास जनित बुद्धि से क्या आशय है ?

(1) दूसरे सामाजिक कार्यकर्ताओं के निजी अनुभवों पर आधारित कौशल

(2) शोध के निजी अनुभव पर आधारित कौशल

(3) अभ्यास के निजी अनुभव पर आधारित कौशल

(4) सामान्य तर्क-बुद्धि पर आधारित कौशल

**2.** 'सक्रिय श्रवण' अवधारणा के जनक हैं

(1) कार्ल रोजर्स (2) विलियम रीड

(3) सिग्मंड फ्रायड (4) जॉन बॉल्बी

**3.** निम्न में से कौन समाज कार्य के दायरे से बाहर हैं ?

(1) सचेतन (2) पूर्व-चेतन

(3) उप-चेतन (4) अवचेतन

**4.** अंकगणितीय औसत से एक क्रम में किसी मद विशेष का डिवियेशन प्राप्त किए जाने की स्थिति में, डिवियेशनों के वर्गों के औसत के वर्गमूल को निम्न में से क्या कहा जाता है ?

(1) माध्य डिवियेशन (2) मानक डिवियेशन

(3) परास (4) वैषम्य

**5.** एकांत प्रिय, असंवेदनशील और दूसरों के प्रति लापरवाह लोगों में निम्न में से क्या प्रवृत्ति ज्यादा पाई जाती है ?

(1) हठधर्मिता (2) अनुकूलता

(3) चालबाजी (4) मनस्तापिता

**6.** संस्कृति का प्रेषण :

(1) आनुवंशिक होता है । (2) सामाजिक होता है ।

(3) राजनीतिक होता है । (4) आनुवंशिक तथा राजनीतिक होता है ।

**7.** Peer group is a group whose members share

(1) similar playground (2) similar circumstances

(3) similar study circle and books (4) similar values

**8.** Which of the following community approaches was not given by M.G. Ross ?

(1) The specific content approach (2) The general content approach

(3) The process approach (4) The social planning approach

**9.** Which one of the following is not correctly matched ?

(1) M.G. Ross – Community

(2) P.D. Kulkarni – Social Policy in India

(3) H.B. Trecker – Social Group Work

(4) M.S. Gore – Social Case Work

**10.** "Functional approach" in social case work was developed by

(1) Jessie Teft (2) Otto Rank

(3) Gordon Hamilton (4) Talcott Parsons

**11.** Who among the following is/are best associated with models – social goals, remedial and reciprocal – of social group work ?

(1) G. Konopka (2) Toseland & Rivas

(3) Papell and Rothman (4) Glasser and Mayada

**12.** Behaviour modification involves

(1) solving problems through insight

(2) bringing behaviour under stimulus control

(3) demonstrating learning in the absence of reinforcement

(4) application of learning principles to change behaviour

**13.** Generally the responsibility for the choice of programme in group work rests with _____.

(1) Members of the group (2) Group worker

(3) The agency (4) Members, agency and the worker

**7.** समकक्षी समूह के सदस्यगण निम्न में से क्या साझा करते हैं ?

(1) एकसमान पृष्ठभूमि
(2) एकसमान परिस्थितियाँ
(3) एकसमान अध्ययन वृत्त और पुस्तकें
(4) एकसमान मूल्य

**8.** निम्न में से कौन सामुदायिक अभिगम एम.जी. रॉस ने नहीं दिया था ?

(1) विशिष्ट विषयवस्तु अभिगम
(2) सामान्य विषयवस्तु अभिगम
(3) प्रक्रिया अभिगम
(4) सामाजिक नियोजन अभिगम

**9.** निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(1) एम.जी. रॉस – समुदाय
(2) पी.डी. कुलकर्णी – भारत में सामाजिक नीति
(3) एच.बी. ट्रेकर – सामाजिक समूह कार्य
(4) एम.एस. गोरे – सामाजिक वैयक्तिक कार्य

**10.** सामाजिक वैयक्तिक कार्य में "कार्यात्मक अभिगम" के जनक हैं

(1) जेसी टेफ्ट
(2) ऑटो रैंक
(3) गोर्डन हैमिल्टन
(4) टैल्कॉट पार्सन्स

**11.** निम्न में से कौन समाजिक समूह कार्य के मॉडल्स सामाजिक लक्ष्य, उपचारी और अन्योन्य से सबसे अधिक संबंधित है/हैं ?

(1) जी. कोनोप्का
(2) टोसलैंड और रिवास
(3) पेपेल और रॉथमैन
(4) ग्लेसर और मयादा

**12.** व्यवहार सुधार में निम्न में से क्या शामिल होता है ?

(1) अंर्तदृष्टि से समस्यायें सुलझाना ।
(2) व्यवहार को उद्दीपन नियंत्रण के अधीन लाना ।
(3) पुनर्बलन की अनुपस्थिति में अधिगम प्रदर्शित करना ।
(4) व्यवहार परिवर्तन के लिए अधिगम सिद्धांतों का अनुप्रयोग ।

**13.** सामान्यत: समूह कार्य में कार्यक्रम के चयन का उत्तरदायित्व ________ का होता है ।

(1) समूह के सदस्यों
(2) समूह कार्यकर्ता
(3) एजेंसी
(4) सदस्यों, एजेंसी और कार्यकर्ता

**14.** Which among the following are the prime focuses of 'Sustainable Development Goals' ?

(1) Peace and Prosperity

(2) People, Planet and Prosperity

(3) People, Partnership and Peace

(4) People, Planet, Prosperity, Peace and Partnership

**15.** "A comprehensive concept which implies major structural changes which are introduced as part of deliberate action to transform a society" is called as

(1) Social change
(2) Social development
(3) Community development
(4) Social action

**16.** The formula $\frac{\text{Number of female birth} \times \text{total fertility rate}}{\text{Total number of births}}$ is used to calculate _______.

(1) General Fertility Rate (GFR)
(2) Gross Reproduction Rate (GRR)
(3) Specific Fertility Rate (SFR)
(4) Crude Birth Rate (CBR)

**17.** Which among the following is/are not a characteristic features of a good leader ?

i. authoritarian approach.

ii. distribution of responsibility

iii. rapport with individual members

iv. understanding group dynamics.

**Codes :**

(1) i only
(2) i and iv only
(3) ii and iii only
(4) iv only

**18.** Which among the following titles of the Acts are wrongly mentioned ?

i. Child Labour Protection Act

ii. Employees' Family Provident Fund Act

iii. Bonded Labour Rehabilitation Act

iv. Employees' State Insurance Act.

**Codes :**

(1) i and ii only
(2) ii and iii only
(3) iii and iv only
(4) i, ii and iii only

**14.** निम्न में से कौन 'धारणीय विकास लक्ष्यों' के प्रमुख बिंदु हैं ?

(1) शांति और संपन्नता
(2) जनता, ग्रह और संपन्नता
(3) जनता, साझेदारी और शांति
(4) जनता, ग्रह, संपन्नता, शांति और साझेदारी

**15.** "एक व्यापक अवधारणा जिसमें मुख्य संरचनात्मक परिवर्तन निहित होते हैं, जिन्हें किसी समाज को रूपांतरित करने के लिए संकल्पित कार्य के एक भाग के रूप में प्रवर्तित किया जाता है", क्या कहलाता है ?

(1) सामाजिक परिवर्तन
(2) सामाजिक विकास
(3) सामुदायिक विकास
(4) सामाजिक क्रिया

**16.** सूत्र $\frac{\text{बालिका शिशु जन्म संख्या} \times \text{कुल जननता दर}}{\text{कुल जन्म संख्या}}$ का प्रयोग ______ परिकलित करने के लिए किया जाता है ।

(1) सामान्य जननता दर (जी एफ आर)
(2) सकल प्रजनन दर (जी आर आर)
(3) विशिष्ट जननता दर (एस एफ आर)
(4) स्थूल जन्म दर (सी बी आर)

**17.** निम्न में से कौन एक अच्छे नेता की विशेषता नहीं है/हैं ?

i. अधिनायकवादी दृष्टिकोण
ii. उत्तरदायित्वों का बंटवारा
iii. सदस्यों के साथ व्यक्तिगत संबंध
iv. समूह आयामों की समझ

**कूट** :

(1) सिर्फ i
(2) सिर्फ i और iv
(3) सिर्फ ii और iii
(4) सिर्फ iv

**18.** निम्न से किस अधिनियम का नाम गलत लिखा गया है ?

i. बाल श्रम संरक्षण अधिनियम
ii. कर्मचारी परिवार भविष्य निधि अधिनियम
iii. बंधुआ मजदूर पुनर्वास अधिनियम
iv. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम

**कूट** :

(1) सिर्फ i और ii
(2) सिर्फ ii और iii
(3) सिर्फ iii और iv
(4) सिर्फ i, ii और iii

**19.** Which among the following statements is /are true in case of 'violence against women' ?

i. There is no specific section in the IPC to deal specifically with acid attacks.

ii. Honour killing is a death awarded to a woman or girl for marrying against the wishes of her parents.

iii. Women are generally abused and attacked by men they know.

iv. The most important motives of abduction of women are sex and marriage.

**Codes :**

(1) i, ii and iii only (2) i, ii, iii and iv

(3) ii, iii and iv only (4) iii and iv only

**20.** From the following stages of psychological development propounded by Erikson, find the correct answer :

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | Play age | – | Initiative v/s guilt |
| II. | School age | – | industry v/s inferiority |
| III. | Adolescence | – | Autonomy v/s shame and doubt |
| IV. | Young adulthood | – | Intimacy v/s isolation |

**Codes :**

(1) I and II (2) II and III

(3) III and IV (4) I, II and IV

**21.** A stress situation which approaches or exceeds adaptive capacities of an individual or a group is called

(1) Catharsis (2) Crisis

(3) Acute stress (4) Chronic stress

**22.** Who among the following is best associated with 'Gestalt therapy' ?

(1) C.R. Rogers (2) Sigmund Freud

(3) B.F. Skinner (4) Fritz Perls

**23.** The Persons with Disability (Equal Opportunities, Protection of Rights and Full Participation) Act assented by the President of India on 1st January

(1) 1993 (2) 1994

(3) 1995 (4) 1996

**19.** 'महिलाओं के विरूद्ध हिंसा' के मामले में निम्न में से कौन सही है/हैं ?

i. तेजाबी हमलों से निपटने के लिए आई पी सी में कोई विशिष्ट धारा नहीं है ।

ii. पारिवारिक प्रतिष्ठा के नाम पर हत्या में एक स्त्री या लड़की को अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध विवाह करने पर मौत के घाट उतार दिया जाता है ।

iii. महिलाओं को सामान्यत: उनके परिचित ही प्रताड़ित और आक्रमित करते हैं ।

iv. महिलाओं के अपहरण का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य विवाह और यौन संबंध बनाना होता है ।

**कूट :**

(1) सिर्फ i, ii और iii (2) i, ii, iii और iv

(3) सिर्फ ii, iii और iv (4) सिर्फ iii और iv

**20.** एरिक्सन द्वारा विकसित मनोवैज्ञानिक विकास के निम्नांकित चरणों में से सही उत्तर चुनें :

I. क्रीड़ावस्था – पहल-शक्ति बनाम ग्लानि

II. विद्यालयावस्था – उद्योग बनाम हीनता

III. किशोरावस्था – स्वायत्तता बनाम शर्म एवं संदेह

IV. युवा वयस्कावस्था – अंतरंगता बनाम एकाकीपन

**कूट :**

(1) I और II (2) II और III

(3) III और IV (4) I, II और IV

**21.** तनाव की एक स्थिति जो किसी व्यक्ति या समूह के अनुकूल क्षमता तक पहुँच जाती है या उसके पार चली जाती है, निम्न में से क्या कहलाती है ?

(1) विरेचन (2) संकट

(3) गंभीर तनाव (4) चिरकालिक तनाव

**22.** निम्न में से कौन 'गेस्टाल्ट थेरेपी' से सर्वाधिक संबंधित है ?

(1) सी.आर. रोजर्स (2) सिग्मंड फ्रायड

(3) बी.एफ. स्किनर (4) फ्रिट्ज पर्ल्स

**23.** अपंग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार रक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम को भारत के राष्ट्रपति द्वारा निम्न में से किस वर्ष की पहली जनवरी को स्वीकृति दी गई ?

(1) 1993 (2) 1994

(3) 1995 (4) 1996

**24.** The responses to events that are threatening or challenging is called

(1) Depression (2) Stress

(3) Emotion (4) Negative feeling

**25.** _____ is a graphic representation of the choices or the association of group members using symbols for people and their interactions.

(1) Histogram (2) Sociogram

(3) Sonogram (4) Isogram

**26.** While testing Hypothesis, the following types of error may creep-in. Identify the correct one :

(1) Type I Error – Rejection of a null hypothesis when it is true and when it should not have been rejected.

(2) Type I Error – Acceptance of a null hypothesis when it is false.

(3) Type II Error – Acceptance of null hypothesis when it is true.

(4) Type II Error – Rejection of null hypothesis when it is false.

**27.** Who among the following is best associated with 'Rapid Rural Appraisal' (RRA) ?

(1) Britto G.A.A. (2) Robert Chambers

(3) Fried Lander (4) Luigi Cavestro

**28.** The advantages of Thurstone scale is

(1) The statements are precisely mentioned.

(2) The judges decide the importance of each statement.

(3) The statements are easy to prepare.

(4) All statements are considered to be of equal in weightage.

**29.** Claiming authorship for the material / findings / work that is not owned by the person and by not acknowledging the work of others is referred to as

(1) Plagiarism (2) Duplication

(3) Repetition (4) Copying

**30.** Identify the correct name :

(1) The Narcotic Drugs and Psychotic Substances Act

(2) The Narcotic Drugs and Psychic Substances Act

(3) The Psychotropic Drugs and Narcotic Substances Act

(4) The Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act

**24.** धमकीपूर्ण या चुनौतीपूर्ण घटनाओं के प्रति प्रतिक्रिया निम्न में से क्या कहलाती है ?

(1) अवसाद (2) तनाव

(3) भावना (4) नकारात्मक भाव

**25.** _______ रुचियों अथवा व्यक्तियों और उनकी पारस्परिक क्रिया के लिए संकेत-चिह्नों के प्रयोग द्वारा समूह के सदस्यों के संगठन की सजीव प्रस्तुति है ।

(1) हिस्टोग्राम (2) सोशियोग्राम

(3) सोनोग्राम (4) आइसोग्राम

**26.** प्राक्कल्पना परीक्षण के दौरान निम्न प्रकार की त्रुटियाँ संभव हैं । सही उत्तर की पहचान करें ।

(1) टाइप-I त्रुटि – सत्य होने और अस्वीकार नहीं किए जाने योग्य होने पर एक अमान्य प्राक्कल्पना को अस्वीकार करना ।

(2) टाइप-I त्रुटि – असत्य होने पर एक अमान्य प्राक्कल्पना को स्वीकृत करना ।

(3) टाइप-II त्रुटि – सत्य होने पर एक अमान्य प्राक्कल्पना को स्वीकृत करना ।

(4) टाइप-II त्रुटि – असत्य होने पर एक अमान्य प्राक्कल्पना को अस्वीकृत करना ।

**27.** निम्न में से कौन 'रैपिड रूरल अप्रेजल' (आर आर ए) से सर्वाधिक संबंधित है ?

(1) ब्रिटो जी.ए.ए. (2) रॉबर्ट चेंबर्स

(3) फ्रायड लैंडर (4) ल्युगी केवेस्त्रो

**28.** थर्स्टोन स्केल के लाभ हैं

(1) कथनों का उल्लेख शुद्धतापूर्वक किया जाता है ।

(2) प्रत्येक कथन के महत्त्व का निर्णय न्यायाधीश करते हैं ।

(3) कथनों को तैयार करना आसान होता है ।

(4) सभी कथनों का मान बराबर माना जाता है ।

**29.** दूसरों के कार्यों का स्वीकरण नहीं करते किसी सामग्री/शोध/कार्य का अधिकारी नहीं होने की दशा में उक्त के लेखक होने का दावा करना निम्न में से क्या कहलाता है ?

(1) साहित्यिक चोरी (2) अनुलिपिकरण

(3) दोहराव (4) नकल

**30.** सही नाम चुनें ।

(1) द नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोटिक सब्सटांसेज एक्ट

(2) द नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकिक सब्सटांसेज एक्ट

(3) द साइकोट्रोपिक ड्रग्स एंड नार्कोटिक सब्सटांसेज एक्ट

(4) द नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांसेज एक्ट

**31.** Which one of these is not a criteria of man – power planning ?

(1) Employee turnover
(2) Rate of growth of organisation
(3) Future man – power needs
(4) Job enrichment

**32.** Job specification is related to

(1) Work description
(2) Analysis of work
(3) Prospect of work
(4) Qualification and experience

**33.** Which article of Indian Constitution considers the claims of Scheduled Castes and Tribes in the working of appointments to services and posts in connection with the affairs of the Union or of a State ?

(1) Article 330 (2)
(2) Article 164 (1)
(3) Article 335
(4) Article 16

**34.** Which is not dimension of Human Resource Development ?

(1) Performance Appraisal
(2) Career Development and Planning
(3) Recruitment
(4) Training

**35.** Match the following List-I with List-II :

| | **List – I (Legislations)** | | **List – II (Year of Enactment)** |
|---|---|---|---|
| I. | The Foreign Contribution (Regulation) Act | A. | 1936 |
| II. | The Apprentice Act | B. | 1926 |
| III. | The Payment of Wages Act | C. | 1976 |
| IV. | The Trade Unions Act | D. | 1961 |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | C | D | B |
| (2) | C | A | B | D |
| (3) | C | D | A | B |
| (4) | B | D | A | C |

**31.** निम्न में से कौन जनशक्ति नियोजन का एक मानदंड नहीं है ?

(1) कर्मचारी परिवर्तन (2) संगठन की वृद्धि दर

(3) भावी जनशक्ति आवश्यकतायें (4) कार्य संवर्धन

**32.** कार्य विनिर्देशन निम्न में किससे संबंधित है ?

(1) कार्य विवरण (2) कार्य विश्लेषण

(3) कार्य की संभावना (4) योग्यता एवं अनुभव

**33.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संघ या एक राज्य के कार्यों के संबंध में सेवाओं और पदों पर नियुक्ति के लिए अनुसूचित जातियों और जनजातियों के दावों पर विचार किया गया है ?

(1) अनुच्छेद 330 (2) (2) अनुच्छेद 164 (1)

(3) अनुच्छेद 335 (4) अनुच्छेद 16

**34.** निम्न में से कौन मानव संसाधन विकास का आयाम नहीं है ?

(1) कार्य-निष्पादन मूल्यांकन (2) करियर विकास और नियोजन

(3) भर्ती (4) प्रशिक्षण

**35.** निम्नांकित सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

| **सूची-I (अधिनियम)** | **सूची-II (अधिनियमन वर्ष)** |
|---|---|
| I. द फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट | A. 1936 |
| II. द अप्रेटिंस एक्ट | B. 1926 |
| III. द पेमेंट ऑफ वेज एक्ट | C. 1976 |
| IV. द ट्रेड यूनियन्स एक्ट | D. 1961 |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | C | D | B |
| (2) | C | A | B | D |
| (3) | C | D | A | B |
| (4) | B | D | A | C |

**36.** Match the items in List-I with List-II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (A) Reproductive child health | (a) Police Research |
| (B) National Rural Employment Guarantee Scheme | (b) Trauma |
| (C) Post traumatic stress disorder | (c) Mother and Child |
| (D) Bureau of Police Research and Development | (d) Employment at village level |

**Codes :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (2) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (3) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (4) | (a) | (b) | (c) | (d) |

**37.** Match List-I with List-II and choose the correct answer from the codes given :

| List – I (Articles) | List – II (Subjects) |
|---|---|
| I. Article – 24 | A. remedies for enforcement of rights of the citizens |
| II. Article – 40 | B. equal pay for equal work |
| III. Article – 39 (d) | C. village panchayats |
| IV. Article – 32 | D. prohibition of child labour |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | B | D | C |
| (2) | D | C | B | A |
| (3) | C | D | A | B |
| (4) | B | A | C | D |

**36.** सूची-I के मदों को सूची-II के मदों से सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) प्रजनक शिशु स्वास्थ्य | (a) पुलिस अनुसंधान |
| (B) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | (b) अभिघात |
| (C) अभिघातजोत्तर तनाव विकार | (c) माता और शिशु |
| (D) पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो | (d) ग्रामीण स्तर पर रोजगार |

**कूट** :

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (2) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (3) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (4) | (a) | (b) | (c) | (d) |

**37.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :

| **सूची-I** (अनुच्छेद) | **सूची-II** (विषय) |
|---|---|
| I. अनुच्छेद – 24 | A. नागरिकों के अधिकारों को प्रवर्तित करने के लिए उपचार |
| II. अनुच्छेद – 40 | B. समान कार्य के लिए समान वेतन |
| III. अनुच्छेद – 39 (d) | C. ग्राम पंचायत |
| IV. अनुच्छेद – 32 | D. बाल श्रम का प्रतिषेध |

**कूट** :

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | B | D | C |
| (2) | D | C | B | A |
| (3) | C | D | A | B |
| (4) | B | A | C | D |

Examrace

**38.** Match the List-I with List-II and choose the correct answer from the codes given :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Jajmani system | A. Culture |
| II. Super organic | B. Caste |
| III. Normlessness | C. Civilization |
| IV. Material culture | D. Anomie |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | B | A | D | C |
| (2) | A | B | C | D |
| (3) | C | D | B | A |
| (4) | D | C | A | B |

**39.** Match List-I with List-II and choose the correct answer from the codes given :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Survey | A. Collecting facts quickly |
| II. Rapid Rural Appraisal | B. Assess a problem to develop a solution |
| III. Participatory Learning Approach | C. Time-line |
| IV. Participatory Rural Appraisal | D. Questionnaire |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | D | C | B | A |
| (2) | B | A | D | C |
| (3) | C | B | D | A |
| (4) | D | A | B | C |

**40.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (A) George Simmel | (a) Complex of Association |
| (B) MacIver | (b) Structure of social values |
| (C) Radha Kamal Mukherjee | (c) Web of social relationships |
| (D) Auguste Comte | (d) Elements of sociability |

**Codes :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (2) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (3) | (c) | (b) | (d) | (a) |
| (4) | (d) | (c) | (b) | (a) |

**38.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| I. जजमानी प्रथा | A. संस्कृति |
| II. अति सुसंगत | B. जाति |
| III. आदर्शविहीनता | C. सभ्यता |
| IV. भौतिक संस्कृति | D. अप्रतिमानता |

**कूट** :

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | B | A | D | C |
| (2) | A | B | C | D |
| (3) | C | D | B | A |
| (4) | D | C | A | B |

**39.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| I. सर्वेक्षण | A. तीव्रगति से तथ्यों का संकलन |
| II. त्वरित ग्रामीण मूल्यांकन | B. समाधान हेतु किसी समस्या का मूल्यांकन |
| III. भागीदारीपूर्ण अधिगम उपागम | C. टाइमलाइन |
| IV. भागीदारीपूर्ण ग्रामीण मूल्यांकन | D. प्रश्नावली |

**कूट** :

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | D | C | B | A |
| (2) | B | A | D | C |
| (3) | C | B | D | A |
| (4) | D | A | B | C |

**40.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) जॉर्ज सिमेल | (a) संघों का संकुल |
| (B) मैकआइवर | (b) सामाजिक मूल्यों की संरचना |
| (C) राधा कमल मुखर्जी | (c) सामाजिक संबंधों का जाल |
| (D) ऑगस्ट कॉम्टे | (d) सामाजिकता के तत्त्व |

**कूट** :

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (2) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (3) | (c) | (b) | (d) | (a) |
| (4) | (d) | (c) | (b) | (a) |

41. **Assertion (A) :** Effective field work training is only possible with integration of theory and practice.

**Reason (R) :** Social work is a practicing profession.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(2) (A) is correct and (R) is wrong.

(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(4) (A) is wrong and (R) is correct.

42. **Assertion (A) :** Social work has not been able to establish its identity in India.

**Reason (R) :** Social work practice is broad based.

**Codes :**

(1) (A) is correct and (R) is wrong.

(2) (A) is wrong and (R) is correct.

(3) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

43. **Assertion (A) :** Social work promotes social justice.

**Reason (R) :** Social work gives equal opportunity to all to develop their personality in the way they like and approved by the society.

**Codes :**

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) (A) is false, but (R) is true.

(3) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are correct, and (R) is not the correct explanation of (A).

44. Arrange in sequence the structure of a funding proposal.

(1) Background, statement of the problem, justification of the project, goals and objectives, planned activities, division of responsibilities, implementation.

(2) Background, justification of the project, statement of the problem, goals and objectives, division of responsibilities, planned activities, implementation.

(3) Background, statement of the problem, goals and objectives, justification of the project, division of responsibilities, planned activities, implementation.

(4) Background, justification of the project, statement of the problem, goals and objectives, division of responsibilities, planned activities, implementation.

**41.** **अभिकथन (A)** : प्रभावी फील्ड कार्य प्रशिक्षण सिर्फ सिद्धांत और व्यवहार के समन्वय से संभव है।

**तर्क (R)** : समाज कार्य एक व्यवहारमूलक पेशा है ।

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(2) (A) सही है और (R) सही नहीं है ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(4) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

**42.** **अभिकथन (A)** : समाज कार्य भारत में अपनी पहचान नहीं बना पाया है ।

**तर्क (R)** : समाज कार्य व्यवहार का आधार विस्तृत है ।

**कूट** :

(1) (A) सही है और (R) सही नहीं है ।

(2) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**43.** **अभिकथन (A)** : समाज कार्य सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है ।

**तर्क (R)** : समाज कार्य सभी लोगों को समाज द्वारा स्वीकृत और उनकी इच्छा के अनुसार विधि से उनके व्यक्तित्व विकास का समान अवसर प्रदान करता है ।

**कूट** :

(1) (A) सही है और (R) सही नहीं है ।

(2) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**44.** एक लंबित प्रस्ताव की संरचना को सही क्रम में व्यवस्थित करें :

(1) पृष्ठभूमि, समस्या का कथन, परियोजना का औचित्य, लक्ष्य और उद्देश्य, नियोजित क्रियाकलाप, उत्तरदायित्त्वों का बंटवारा, क्रियान्वयन

(2) पृष्ठभूमि, परियोजना का औचित्य, समस्या का कथन, लक्ष्य और उद्देश्य, उत्तरदायित्त्वों का बंटवारा, नियोजित क्रियाकलाप, क्रियान्वयन

(3) पृष्ठभूमि, समस्या का कथन, लक्ष्य और उद्देश्य, परियोजना का औचित्य, उत्तरदायित्वों का बंटवारा, नियोजित क्रियाकलाप, क्रियान्वयन

(4) पृष्ठभूमि, परियोजना का औचित्य, समस्या का कथन, लक्ष्य और उद्देश्य, उत्तरदायित्त्वों का बंटवारा, नियोजित क्रियाकलाप, क्रियान्वयन

**45.** Arrange in an order of sequence the following phases in female victim's adjustment to life after stigmatization.

| | |
|---|---|
| i. removing pain | ii. avoidance and humiliation |
| iii. shock and pain | iv. adaptation |

**Codes :**

| | |
|---|---|
| (1) i, iii, iv, ii | (2) iii, i, ii, iv |
| (3) ii, iv, iii, i | (4) iv, ii, i, iii |

Read the passage given below and answer the following questions **(46 – 50)** as per the understanding of the passage :

Cultural competence is the capacity to work effectively with people from a variety of ethnic, cultural, political, economic and religious backgrounds. It is being aware and respectful of the values, beliefs, traditions, customs, and parenting styles of those we serve, while understanding that there is often as wide a range of differences within groups. Cultural competency is about developing skills. This includes improving your ability to control or change your own false beliefs, assumptions and stereotypes; to think flexibly; to find sources of information about those who are different from you; and to recognize that your own thinking is not the only way.

Cultural competence allows social workers to feel comfortable and be effective in their interactions with families whose cultures are different from their own. It enables families to feel good about their interactions with their social worker, and it allows the two parties to accomplish their goals.

Cultural competence requires an open mind and heart and the willingness to accept the views of others. It may mean setting aside your own beliefs in order to better serve others. Generally, we need to lower our defences, take risks, and practice behaviours that may be uncomfortable or unfamiliar. Remember that all people are alike in some ways and different in others. Everyone needs to eat, have clothes and shelter, to learn, to grow, and to experience meaning and purpose in their lives.

The first step toward being more culturally competent is self-awareness. To understand and appreciate the culture of others, we must first understand and appreciate our own culture. There are several ways to learn about other cultures. First, find someone – a friend, neighbour, or colleague – who can serve as your "guide" to the culture. You can also study a culture by reading history, geography, poetry, biography, and fiction. In addition to reading or using a guide, you can participate in the daily routine of the culture you wish to learn about by celebrating their holidays, working on community projects, and attending worship. Finally, you can learn the language.

**45.** एक महिला पीड़िता के सामाजिक रूप से कलंकित होने के बाद जीवन में समायोजन के निम्नांकित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित करें :

| | |
|---|---|
| i. दर्द मिटाना | ii. परिहार और अपमान |
| iii. सदमा और दर्द | iv. अनूकूलन |

**कूट**:

| | |
|---|---|
| (1) i, iii, iv, ii | (2) iii, i, ii, iv |
| (3) ii, iv, iii, i | (4) iv, ii, i, iii |

नीचे दिए गद्यांश को पढ़ें और पाठ की अपनी समझ के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों (**46** से **50**) के उत्तर दें :

सांस्कृतिक दक्षता विभिन्न प्रकार की नृजातीय, सांस्कृतिक, राजनैतिक, आर्थिक और धार्मिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के साथ काम करने की क्षमता है । इसका मतलब है, उन लोगों के मूल्यों, विश्वासों, परंपराओं, रिवाजों और पालन-पोषण के तरीकों को जानना और उनका आदर करना, जिनके लिए हम काम कर रहे हैं - यह समझना कि अक्सर किसी एक समूह के भीतर भी इनके बीच बहुत बड़ा अंतर हो सकता है । सांस्कृतिक दक्षता का आशय कौशल के विकास से है । इसमें अपने झूठे विश्वासों पूर्व धारणाओं और रूढ़ विचारों को काबू में रखने और उन्हें बदलने की आपकी योग्यता शामिल है । इसमें उदारता से सोचने, जो आप से अलग सोच रखते हैं उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सही स्रोत ढूंढने और इस तथ्य को पहचानने की योग्यता बढ़ाने की कोशिश शामिल है कि जो हम सोच रहे हैं, एकमात्र वही एक रास्ता नहीं है ।

सांस्कृतिक दक्षता किसी सामाजिक कार्यकर्ता को उन परिवारों के साथ अंत:क्रिया में सहज और प्रभावशाली बनाती है, जिनकी संस्कृति उसकी अपनी संस्कृति से भिन्न है । यह सामाजिक कार्यकर्ता के साथ उस परिवार को अपनी अंत:क्रिया में सहज महसूस कराती है और दोनों पक्षों को अपना उद्देश्य हासिल करने योग्य बनाती है ।

सांस्कृतिक दक्षता खुले दिलों-दिमाग और दूसरे के दृष्टिकोण को स्वीकार करने की इच्छा की मांग करती है । इसका अर्थ दूसरों की बेहतर सेवा कर सकने के लिए अपने विश्वासों को परे रखना भी हो सकता है । सामान्यत: इसके लिए अपनी रक्षात्मकता को नीचे लाना, जोखिम उठाना और एसा व्यवहार करना होता है, जो असुखद या अनजाना हो । याद रखें कि सभी मनुष्य कुछ मामलों में एकसमान और कुछ मामलों में हमेशा अलग होते हैं । सबको भोजन चाहिए, कपड़ों और एक छत की जरूरत होती है, सभी सीखना, आगे बढ़ना और अपनी जिंदगी के अर्थ और उद्देश्य का अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं ।

सांस्कृतिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में पहला कदम है अपने आप को जानना । दूसरों की संस्कृति को जानने और समझने के लिए, सबसे पहले जरूरी है हमारी अपनी संस्कृति को जानना और समझना । दूसरी संस्कृतियों के बारे में जानने के अनेक उपाय हैं। सबसे पहले किसी ऐसे मित्र, पड़ोसी या सहकर्मी को तलाश करें जो संस्कृति के मामले में आपका 'गाइड' बन सके । आप इतिहास, भूगोल, कविताएँ, जीवनियां और गल्प साहित्य पढ़कर भी किसी संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । पढ़ने और किसी को अपना 'गाइड' बनाने के अलावा, आप उस संस्कृति के दैनिक क्रियाकलापों और उनके त्योहारों में शामिल हो सकते हैं, उनकी पूजा और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लें सकते हैं, और सबसे महत्त्वपूर्ण यह कि उनकी भाषा सीख सकते हैं ।

**46.** What is the relevance of cultural competence in social work practice ?

(1) It helps social work practitioner to be more vigilant about the bad elements in the society.

(2) It allows social workers to feel comfortable and be effective in their interaction with families whose cultures are different from their own.

(3) It enables the social workers to be familiar with their own culture.

(4) It is not at all relevant for social work practice.

**47.** What do you understand by cultural competence ?

(1) To test the competence of any culture.

(2) To know how important is a culture in a given society.

(3) It is the capacity to work effectively with people from a variety of ethnic, cultural, political, economic and religious backgrounds.

(4) It is to test the validity of values and norms of a community for its proper functioning.

**48.** What qualities are required in social workers to learn cultural competence ?

(1) It requires an open mind and heart and the willingness to accept the views of others.

(2) It requires great determination and will power.

(3) Social worker must be dedicated to their work.

(4) It requires theoretical knowledge about cultures of the clients.

**49.** Is cultural competency a skill in social work ?

(1) No, it is not a skill.

(2) It depends on the interest of the social worker.

(3) It is for improving social worker's ability to be flexible about others.

(4) It is a working style of a social worker.

**50.** How do we learn the culture of others ?

(1) It can be learned by experience.

(2) It is very difficult to learn.

(3) It can be learned through a friend, neighbour or a colleague who can serve as your guide to the culture.

(4) Classes in an academic institution.

**46.** समाज कार्य अभ्यास में सांस्कृतिक दक्षता का क्या महत्त्व है ?

(1) यह समाज कार्य अभ्यासकर्ता को समाज के बुरे तत्त्वों से और सतर्क रहने योग्य बनाता है ।

(2) यह सामाजिक कार्यकर्ताओं को उन परिवारों में सहज महसूस करने और प्रभावी अंत:क्रिया के लायक बनाती है, जिनकी संस्कृति उनकी अपनी संस्कृति से भिन्न है ।

(3) यह सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनकी अपनी संस्कृति से परिचित कराता है ।

(4) यह समाज कार्य अभ्यास के लिए कतई प्रासंगिक नहीं है ।

**47.** सांस्कृतिक दक्षता से आप क्या समझते हैं ?

(1) किसी भी संस्कृति की दक्षता की जाँच ।

(2) यह जानना कि किसी दिए गए समाज में संस्कृति कितनी महत्त्वपूर्ण है ।

(3) यह विभिन्न प्रकार के नृजातीय, सांस्कृतिक, राजनैतिक, आर्थिक और धार्मिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के बीच प्रभावी ढंग से कार्य कर पाने की योग्यता है ।

(4) यह किसी समुदाय के मूल्यों और मानकों की वैधता की जाँच है, जिससे वह उचित ढंग से अपना काम कर सके ।

**48.** सांस्कृतिक दक्षता सीखने के लिए किसी सामाजिक कार्यकर्ता में किन गुणों की आवश्यकता होती है ?

(1) इसके लिए खुले दिलो-दिमाग और दूसरों के दृष्टिकोण को स्वीकार करने की इच्छा की जरूरत होती है ।

(2) इसके लिए दृढ़ निश्चय और इच्छा शक्ति की जरूरत होती है ।

(3) सामाजिक कार्यकर्ता को अपने कार्य के प्रति समर्पित होना चाहिए ।

(4) इसके लिए सेवार्थियों की संस्कृति की सैद्धांतिक जानकारी आवश्यक होती है ।

**49.** क्या सांस्कृतिक दक्षता समाज कार्य के लिए एक कौशल है ?

(1) नहीं, यह कौशल नहीं है ।

(2) यह सामाजिक कार्यकर्ता की अभिरुचि पर निर्भर करता है ।

(3) यह सामाजिक कार्यकर्ता की दूसरों के प्रति नमनीयता बढ़ाने की योग्यता के लिए है ।

(4) यह किसी सामाजिक कार्यकर्ता की एक कार्य शैली है ।

**50.** हम दूसरों की संस्कृति कैसे सीखते हैं ?

(1) इसे अनुभव द्वारा सीखा जा सकता है ।

(2) इसे सीखना बहुत कठिन है ।

(3) इसे किसी मित्र, पड़ोसी या सहकर्मी के माध्यम से सीखा जा सकता है, जो वांछित संस्कृति के मामले में आपका गाइड बने ।

(4) किसी शैक्षिक संस्था में कक्षाओं में ।

**Space For Rough Work**

Examrace

Examrace